## एक नजर में

### हनुमान जयंती पर 1151 दीपों से आरती



**ब्यावरा 31 मार्च, का.** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारिया की जा रही है इसी क्रम में गुरूवार 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ब्यावरा से करीब 8 किलोमीटर दूर मां अजनार नदी के तट पर स्थित ग्राम बिन्याखेड़ी के प्रसिद्ध बालाजी सरकार मंदिर में इस वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा. आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं .मंदिर समिति के अनुसार, हनुमान जन्मोत्सव के दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे. भगवान बालाजी को श्रद्धा के साथ मालपुआ का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा. इसके साथ ही मंदिर और बालाजी सरकार की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार एक क्विंटल से अधिक फूलों से पूरे मंदिर परिसर को सजाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा .शाम के समय 1151 दीपकों की रोशनी में भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी. जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में जगमगा उठेगा. महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है. जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन प्रसादी ग्रहण करेंगे .मां अजनार के शांत तट पर स्थित यह बिन्याखेड़ी बालाजी सरकार का मंदिर क्षेत्र श्रद्धालुओं के आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. इस बार भी आयोजन को लेकर ग्रामीणों और भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है .यह मंदिर परिसर में प्रत्येक पूर्णिका को बाबा की विशेष श्रृंगार एवं महाआरती पिछले कई वर्षो से अनवरत जारी है. जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते है.

### ई-दक्ष कक्ष का उद्घाटन

**राजगढ़ 31 मार्च, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में ई-दक्ष कक्ष का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कलेक्टोरेट परिसर में बाहरी कार्यालयों को लाने का प्रयास किया जाए, साथ ही बाउंड्रीवॉल को पूर्णत: सुरक्षित किया जाए तथा सामने स्थित दुकानों को व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यालय परिसर को साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित रखने पर जोर देते हुए कहा कि यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में इस कक्ष में कचरा रखा जाता था, जिसे संयुक्त प्रयास से हटाया गया यह दर्शाता है कि मिलकर कार्य करने से सकारात्मक परिवर्तन संभव है.उन्होंने निर्देश दिए कि इस कक्ष को प्रशिक्षण के लिए पूर्णत: सुव्यवस्थित बनाया जाए, ताकि इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके और कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा मिल सके. उद्घाटन के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी कर्मचारियों से सुझाव भी प्राप्त किए तथा कार्यालय में और किन-किन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा सकता है, इस पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे.

# स्कूल चलें हम : प्रवेश को लेकर जिला टॉप टेन में

## 4 अप्रैल तक चलेगा स्कूल चलें हम अभियान : इस बार 1 से 8 कक्षा तक 1 लाख 72 हजार 703 बच्चों के नामांकन

**प्रवेशोत्सव को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां, शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों में उत्साह**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ /ब्यावरा 31 मार्च, का. स्कूल चले हम अभियान 1 अप्रेल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा. जिसमें जिले के विद्यालयों में दिवस वार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. विशेष बात यह है कि प्रवेश के मामले में जिला टॉपटेन में है. इस बार आज दिनांक तक 1 लाख 72 हजार 703 नामांकन हो चुके है.**

आज 1 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ हो रहा है. जिसमें 1 से 4 अप्रैल तक कक्षा 1 स 8 वीं तक स्कूल चले हम अभियान होगा. जिले में 31 मार्च तक 1 लाख 72 हजार 703 बच्चों के नामांकन हो चुके थे. प्रदेश में नामांकन के मामले में राजगढ़ जिला टॉपटेन में शामिल है.

जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान राजगढ़ द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में आयोजित होगा. जिले में सभी शालाओं में शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं शाला के पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु उन्हें आमंत्रित किया जाएगा. नि:शुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित कर बाल सभा का आयोजन होगा.



### बच्चों से करेंगे संवाद

4 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिनमें शालाओं में इस दिवस जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विधार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जायेगा. जिला के अधिकारियों द्वारा आवंटित शालाओं में एक कालखण्ड बच्चों से संवाद किया जावेगा. विभाग द्वारा सभी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तिओं एवं पालकों को शाला स्तर कार्यक्रम में सहभागिता व छात्रों की नियमित उपस्थिति की अपील की गई है.

### अभिभावक होंगे सम्मानित

2 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधि आयोजित की जाएगी. जिनमें पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधि आयोजित की जाएगी. गत वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विधार्थियों के पालकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा. शाला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित कर विधालय में शत प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाई जायेगी.

### जिले की प्रतिभाओं से होगा बच्चों का साक्षात्कार

स्कूल चले हम अभियान 01 अप्रैल से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा. जिसमें जिले के विद्यालयों में दिवस वार विभिन्नग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. जिनमें जिला/शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 01 अप्रैल रहेगा. जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्य मिक विद्यालय राजगढ में आयोजित होगा एवं जिले में सभी शालाओं में शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं शाला के पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा. उपस्थित छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की जाएगी. ग्राम/बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एंव उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा. कक्षा 1 से 8 तक की सभी शालाओं में 1 अप्रैल को बाल सभा का आयोजन किया जायेगा. समस्त शालाओं में विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा. इसी प्रकार 02 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एंव खेलकूद गतिविधि आयोजित की जाएगी. जिनमें पालकों के साथ सांस्कृतिक एंव खेलकूद की गतिविधि आयोजित की जाएगी. जिससे उनका जुडाव विधालय से हो. विगत अकादमिक वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को विशेष रूप आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाए. 04 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिनमें शालाओं में इस दिवस जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध एंव सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जायेगा. स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाडी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना.

### मंत्री गौतम टेटवाल ने नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया

**सारंगपुर 31 मार्च, सं.** श्री साईं सेवा समिति के सदस्य स्व.इछु पुष्पद की10 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को देवलीय परिवार और श्री साईं सेवा समिति द्वारा नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया. मंत्री श्री टेटवाल ने कहा की भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों, श्रमिकों एवं जरूरतमंदों के लिए ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था एक अत्यंत सराहनीय पहल है. यह पुनीत कार्य न केवल सेवा भाव का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है, इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, जिला फूल माली समाज अध्यक्ष संतोष पुष्पद,पर्यावरण प्रेमी दल के नंद किशोर सोनी, जय हिंद दुबे, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी,वरिष्ठ समाज सेवी राधेश्याम राठौर, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, राजेन्द्र टेटवाल, जिला फूल माली समाज प्रवक्ता लोकेश पुष्पद, विनोद पुष्पद तलेनी, सुरेश पुष्पद राजेश चक्रधर, गब्दु पठान, श्री सांई सेवा समिति संस्थापक महेश प्रजापति पूर्व अध्यक्ष कारण ठाकुर विकास वर्मा अर्जुन प्रजापति महेश सोनी, महेंद्र ठाकुर पंडित, जय प्रकाश जोशी, जीतेन्द्र पुष्पद आदि उपस्थिति थे.

# नगर में हावी अव्यवस्थाएं जिम्मेदारों की अनदेखी

## कांग्रेस पार्टी की प्रेस वार्ता में इंकाइयों ने नपा को घेरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च, का.** नगर में मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह चरमरा रही है. साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य समस्याओं का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है. नीचे से लेकर ऊपर तक एक ही सत्ता होने के बाद भी नगर में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है.

उक्त बात मंगलवार को युवा कांग्रेस द्वारा अस्पताल रोड स्थित सिटी पार्क में आयोजित प्रेस वार्ता में इंका नेताओं ने कही. स्थानीय नपा एवं प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि ब्यावरा नगर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह ठप्प है. सात से आठ दिनों में पेयजल सप्लाई हो पा रही है.

**विकास की बात कर रहे, धरातल पर कुछ नहीं-** प्रेस वार्ता को जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था ठप्प है. आठ-आठ दिन में पेयजल सप्लाई हो पा रही है. सत्तापक्ष के जिम्मेदार नगर में चहुंओर विकास के दावे कर रहे है किंतु धरातल पर हालात इसके उलट नजर आते है. ब्यावरा जिले का सबसे बड़ा शहर है किंतु सबसे अधिक सफाई व्यवस्था के बिगड़े हाल यहां है. अजनार नदी की दुर्दशा हो रही है. नगर में पेवर्स कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि जगह- जगह पेवर्स उखड़ रहे है. नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह खराब हो चुकी है. विभिन्न मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा 1 से 7 अप्रेल तक शहर में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. अलग- अलग वार्डो, गली मोहल्लों में कार्यकर्ताओं के द्वारा जाकर समस्याओं के लिए लोगों से 10 अप्रेल को होने वाले आंदोलन, नगर पालिका के घेराव में आने का आग्रह किया जाएगा.

**जानबूझकर पैदा किया जाता पेयजल संकट-** प्रेस वार्ता में कहा गया कि आसपास डेम, घोड़ापछाड़ नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी है फिर ध्भी नगर में आठ दिन में पेयजल सप्लाई हो रही है. ऐसा लगता है मानों जानबूझकर पेयजल संकट खड़ा किया जा रहा है. मैंटेनेंस के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है.

### 10 अप्रैल को पीपल चौराहा पर होगा आंदोलन

कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर आगामी 10 अप्रैल को स्थानीय पीपल चौराहा पर शाम 4 बजे व्यापक आंदोलन किया जाएगा. जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में यह आंदोलन होगा. प्रेस वार्ता के दौरान नपा उपाध्यक्ष अतुल जगताप, जिला युकां अध्यक्ष अमन अरोरा, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल दांगी, महेंद्र यादव, शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, एडवोकेट पवन सक्सेना, पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय, कैलाश कुशवाह, राजेश सौंधिया, दिलीप बना टोंका, आदित्य भार्गव, पार्टी के पार्षदगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा

**ब्यावरा 31 मार्च, का.** समीपस्थ गांव हबीपुरा में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर गुरूवार 2 अप्रैल को हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन रखा है. इस दिन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान होंगे. पूरे मंदिर को दीपों से सजाया जायेगा. शाम को 108 सुन्दरकाण्ड का पाठ व भजन होंगे. महाआरती के बाद भंडारा होगा.

# महावीर भवन में वात्सल्य आयोजन, महावीर जयंती पर चल समारोह निकाला

नवभारत न्यूज


**छापीहेड़ा 31 मार्च, सं.** भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव मंगलवार सुबह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. चल समारोह श्री महावीर जैन मंदिर बाजार चौक से शुरू होकर बस स्टेण्ड तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला त्रिपोलिया बाजार होते हुए जैन मंदिर पर पहुंचा. उसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी की आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया उसके बाद महावीर भवन में स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया. जुलूस में शांतिलाल जैन, सूरजमल जैन ,वीरेंद्र कुमार रामपुरिया, कुशल कोठारी, अक्षय जैन, वीरेंद्र कुमार जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन, दिलीप जैन सहित अन्य पुरुष महिलाएं उपस्थित थे.



# अंजनीलाल धाम पर सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ को लेकर उत्साह

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च,का. श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर बुधवार 02 अप्रैल को लगातार चौथे वर्ष सामुहिक सुंदरकाण्ड का अद्भुत आयोजन होगा. इस आयोजन के प्रति श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है.**



सुंदरकाण्ड पाठ के लिये महिला, बच्चे, युवा पंजीयन करा रहे है. मंदिर ट्रस्ट परिवार के अनुसार कुल 251 पंजीयन होना है. इन 251 पंजीकृत श्रद्धालुओं के लिये सुंदरकाण्ड पाठ के लिये बैठने,पूजन आदि करने की विशेष व्यवस्था रहेगी.इनके अतिरिक्त कोई भी सुंदरकाण्ड का आनंद ले सकता है.

पंजीयन कराने वाले के लिये बैठक व्यवस्था विशेष तौर पर रहेगी. गौरतलब है कि बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के सुंदर लय व ताल के साथ यह 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन अपने आप में अद्भुत होता है. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है. श्रद्धालु सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु अपना पंजीयन कराने प्रतिदिन मंदिर धाम पर पहुंच रहे है. कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुनीत अवसर का लाभ लेने का आह्वान किया है.






### मंथन इंटरनेशनल स्कूल का श्रेष्ठ रहा परीक्षा परिणाम



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 31 मार्च, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था मंथन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा प्रज्ञा शाक्यवार पिता कैलाश शाक्यवार ने कक्षा 8 वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है. विद्यालय परिवार, परिजनों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है. साथ ही स्कूल की छात्रा अनीता यादव ने 92.3 प्रतिशत, ऋषिका वर्मा ने 92.3 प्रतिशत, मुस्कान कुशवाह ने 90.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. कक्षा 5 वीं की छात्रा आरोही शिवहरे पिता अनिल शिवहरे ने 89.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया. जानवी अहिरवार ने 87.75 प्रतिशत एवं एवं रूद्र बैरागी ने 86.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. स्कूल के डायरेक्टर पीसी गुप्ता, अंकित गुप्ता, प्रिंसिपल जी एल बाथम ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया.

# अहिंसा प्रवर्तक का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

## शांतिनाथ जिनालय से निकली रथ यात्रा



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 31 मार्च, सं.** जैन समाज के अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को जैन श्वेताबर श्री संध के तत्वाधान में शांतिनाथ जिनालय से परमात्मा की रथयात्रा निकाली गई जो शांतिनाथ जैन मंदिर पहुंची. चल समारोह का सकल जैन समाज, दिगंबर जैन समाज, फुलमाली समाज, महादेव मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया. चल समारोह में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पं ललित पालीवाल, पीएस मंडलोई, सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन, श्वेतांबर पूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष प्रदीप बरडिया, महावीर अतिशय क्षेत्र अध्यक्ष निर्मल जैन, पार्श्वनाथ मंदिर अध्यक्ष सुमत जैन, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष मनोज जैन, मंडोदा ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुधीर श्रीमाल, चन्द्र कुमार जैन, अरविन्द चौधरी, ओम पुष्पद, महेश पाटीदार, प्रदीप सादानी, प्रमोद सादानी, विजय बरडिया, माणकचंद्र बरडिया, शिखरचंद जैन, लतेश सिंघई, अरविंद चौधरी, राजेश श्रीमाल, राजेश चौधरी, अशोक जैन, अनिल श्रीमाल, प्रदीप श्रीमाल, समरथमल पारख, पारस पारख, दीपक जैन, विनय बरडिया, अशोक बरडिया, अनिल बरडिया, विनय, विपिन, गौरव, बंटी, संजय, पंकज, प्रियंख पारख, संजय पारख, वैभव श्रीमाल, चिनू श्रीमाल, टीना बरडिया, अनुराधा बरडिया, उषा श्रीमाल, रीता श्रीमाल, ललित श्रीमाल, ज्योति बरडिया सहित दिगंबर जैन समाज व श्वेतांबर जैन समाज के पुरुष व महिलाए मौजूद थे.

अंत में सभी का आभार प्रियंक पारख ने माना. कार्यक्रम के दौरान प.पू कल्ज्योति शासन ज्योति श्रीजी मासा की निश्रा में आयोजित जन्मकल्याण के निमित्त विशिष्ठ आयोजन किए गए. इस दौरान महाराजश्री ने कहा कि परमात्मा महावीर एक सामान्य व्यक्ति नहीं थे बल्कि एक विशिष्ठ व्यक्तित्व जिनके तेजपूंज से सारे जगत में उजीयारा होता है.

**विरोध** | **नगर पालिका सारंगपुर का वित्त वर्ष 2026-27 का रुपये 52 हजार की बचत का बजट पारित**

# सिंहस्थ के पहले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण करेगी नपा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 31 मार्च, सं. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में साधारण सम्मेलन आयोजित किया गया. जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया. प्रभारी सीएमओ दीपक रानवे द्वारा सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निकाय की समस्त स्त्रोतों से प्रस्तावित आय 1 अरब 42 करोड़ 58 लाख 10 हजार 224 ( अक्षरी एक अरब बयालीस करो अठावन लाख दस हजार दौ सौ चौबीस ) तथा समस्त मदों में प्रस्तावित व्यय 1 अरब 42 करोड़ 57 लाख 57 हजार 892 ( अक्षरी एक अरब बयालीस करोड़ सत्तावन लाख सत्तावन हजार आठ सौ बानु ) रुपये बताया गया.**



इस प्रकार कुल रूपये 52 हजार की बचत का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया. बजट में आय के मुख्य श्रोत के रुप में निकाय को शासन से प्राप्त होने वाली चुंगीक्षतिपूर्ति एवं यात्रीकर क्षतिपूर्ति राशि एवं अनुदान राशि, विशेष निधि, शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं अमृत 2.0 एवं कायाकल्प अभियान, स्वच्छ भारत मिशन और समय-समय पर प्राप्त होने वाले शासन अनुदान व निकाय की स्थानीय वसूलियां सम्?पत्तिकर समेकित कर आदि से होने वाली आय मुख्य रूप से बजट में शामिल की गई हैं. उक्तानुसार प्रस्तावित आय से होने वाले व्यय में कर्मचारियों के वेतन भत्ते विभिन्न प्रकारों के वाहनों के डीजल एवं उनके संधारण व रखरखाव पर होने वाले व्यय, नागरिकों को उपलब्ध कराए जाने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली,बिजली पेयजल साफ-सफाई इत्यादि पर होने वाले व्यय के साथ ही नगर के सौन्दर्यकरण हेतु नगर में पार्को का निर्माण कार्य बस स्टैंड विकास कार्य व डामरीकरण कार्य, नवीन बस निर्माण कार्य तथा सारंगपुर शहर के लिए यात्री प्रतिक्षालय सिंहस्थ व ऑडोटोरिम निर्माण कार्य शामिल की गई है.

नगरीय निकायों में सर्वसुलभ वैचारिक अध्ययन केन्द्र के रूप में गीता भवन की स्थापना संबंधी निर्देशानुसार कार्यो तथा ऑडोटोरियम निर्माण एवं वर्ष 2028 में उज्जैन में होने जा रहे सिंहस्थ में आने वाले दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु एबी रोड़ बायपास पर प्रतीक्षालय निर्माण व अन्य सार्वजनिक सुविधायें संबंधी निर्माण कार्यो को सम्मिलित किया गया है. साथ ही नगर विकास अंतर्गत कपिलेश्वर लोक का निर्माण कार्य व शीलनाथ जी के धूना पर विकास कार्य अंतर्गत घाट,पार्क व भवन तथा सडक निर्माण कार्य भी शामिल किये गये हैं. साधारण सम्मेलन की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल व उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा, पार्षदगण, राजूबाई, समीर मेव (भूरु), गोपाल पाल, अमित कुमार गिरजे,श्रीमती दुर्गाबाई रामगोपाल राठौर, श्रीमती नाजो बी-कमरुददीन कप्तान, राकेश पुष्पद, श्रीमती सिददीबाई राधेश्याम बागवान आदि पार्षदगण एवं नगरपालिका कर्मचारी अरुण गौड व विक्की ब्राहम्णे उपंयत्री, सूर्यप्रकाश झाला राजकुमार गिरजे, गौरव शर्मा, दिलीप शर्मा, रशीद मेव, मोहनसिंह भिलाला, समंदर सिंह लववंशी आदि शाखा प्रभारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे. बैठक के समापन पर सूर्यप्रकाश झाला राजस्व उप निरीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित परिषद पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट किया.